# हर स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह तैयार : सारंग

हमीदिया अस्पताल में मॉकड्रिल कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, तैयारियों की समीक्षा को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक

भोपाल(काप्र)।

**देश एवं प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच भोपाल के हमीदिया अस्पताल में कोरोना से निपटने की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

उन्होंने बताया कि कोविड अस्पताल में कोरोना संक्रमित मरीजों को निश्चित समयावधि के भीतर ही इलाज मिल सके, इसकी पूरी व्यवस्था की गई है। प्रदेश में कोरोना की स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है, किसी भी प्रकार की परिस्थिति से निपटने के लिये राज्य सरकार पूरी तरह तैयार है। मॉकड्रिल के बाद श्री सारंग ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये। श्री सारंग की उपस्थिति में लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस से लाए गये डमी पेशेंट को ऑक्सीजन मास्क के साथ स्ट्रेचर पर कोविड डेडिकेटेड वॉर्ड में ले जाया गया। जहाँ उसका केजुएल्टी में रजिस्ट्रेशन कर आईसीयू वार्ड में वेंटिलेटर युक्त बेड तक पहुँचाया गया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान स्टॉप वॉच के जरिये टाइम रिकॉर्ड किया गया। मरीज को एम्बुलेंस से केजुएल्टी तक पहुँचाने में 2:59 मिनट और केजुएल्टी से आईसीयू में ले जाने में 5 मिनट से भी कम समय लगा।

श्री सारंग ने हमीदिया अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट के मॉक ड्रिल का भी अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट की क्षमता 2 हजार एलपीएम की है। प्लांट की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। मॉनीटरिंग के लिए जीपीएस सिस्टम लगाया गया है। इस सिस्टम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना के संभावित खतरे से निपटने के लिये अस्पतालों में ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता के लिये हर माह ऑक्सीजन प्लांट में मॉकड्रिल किया जायेगा। मॉक ड्रिल के बाद श्री सारंग ने कोरोना से संबंधित तैयारियों के संबंध में गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। बताया गया कि प्रदेश में 35 लेब हैं जिनकी टेस्टिंग क्षमता 1 लाख 24 हजार प्रतिदिन है। वहीं मेडिकल कॉलेजों में प्रतिदिन 20 हजार टेस्ट किये जा सकते हैं। प्रदेश में 42 हजार 974 कोविड बेड उपलब्ध हैं। इनमें से 13 मेडिकल कॉलेजों में 8 हजार 459 कोविड बिस्तर हैं। श्री सारंग ने प्रदेश में ऑक्सीजन प्लांट की क्षमता की भी समीक्षा की। बताया गया कि 215 पी.एस.ए प्लांट संचालित हैं। इनसे प्रति मिनट 1 लाख 21 हजार लीटर ऑक्सीजन बनाई जा सकती है। प्रदेश में अब तक 13 करोड़ 39 लाख टीके लगाए जा चुके हैं। श्री सारंग ने समीक्षा के दौरान तैयारियों को लेकर संतुष्टि व्यक्त की और आवश्यक निर्देश दिये। संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, आयुक्त भोपाल संभाग माल सिंह भयड़िया, डीन गांधी चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. अरविंद राय, हमीदिया अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशीष गोहिया सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में हुई मॉकड्रिल

*कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिये आवश्यक तैयारियों पर प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और निजी चिकित्सालयों में मॉकड्रिल हुआ। केन्द्र शासन द्वारा 10 और 11 अप्रैल को मॉकड्रिल किये जाने के निर्देश दिये गये थे। मॉकड्रिल में कोविड-19 संक्रमितों के प्रबंधन के लिये आपातकालीन प्रक्रिया के संभावित रोगियों की स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य परीक्षण, सेम्पल संग्रहण, आइसोलेशन एवं भर्ती के दौरान रोगियों के लिये ऑक्सीजन की उपलब्धता, वेंटीलेटर और उपचार के लिये आवश्यक औषधियों की उपलब्धता की प्रक्रिया को परखा गया। ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर, वेंटीलेटर और ऑक्सीजन पीएसए प्लांट की फंक्शनिंग की जाँच की गई। रोगियों के उपचार के लिये चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मचारियों और कोरोना से निपटने के लिये आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता की समीक्षा की गई। संभावित रोगियों को एम्बुलेंस से चिकित्सालयों में रेफरल एवं एम्बुलेंस में स्टॉफ की व्यवस्था का परीक्षण भी किया गया। एम्बुलेंस से लेकर चिकित्सालय तक स्वास्थ्य कर्मियों के लिये पीपीए किट, मॉस्क और ग्लब्स की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। मॉकड्रिल के दौरान स्वास्थ्य संस्थाओं में बिस्तर क्षमता, उपलब्ध मानव संसाधन, रेफरल सेवाएँ, परीक्षण क्षमताएँ, मेडिकल ऑक्सीजन, टेली मेडिसिन आदि सुविधाओं की समीक्षा की गई।*

# उत्कृष्ट प्रबंधन में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व देश में द्वितीय तथा प्रदेश में प्रथम

भोपाल (काप्र)।

**केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी टाइगर रिजर्व के प्रभावी प्रबंधन एवं मूल्यांकन की लेटेस्ट रिपोर्ट में देश के टॉप फाईव टाइगर रिजर्व में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को द्वितीय एवं मध्यप्रदेश को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।**

वन मंत्री डॉ. विजय शाह ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन से जुडे अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी है। नर्मदापुरम जिले में स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व 2130 वर्ग किलोमीटर में फैला है। यह डेक्कन बायो-जियोग्राफिक क्षेत्र का हिस्सा है। अभूतपूर्व प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह देश की प्राचीनतम वन संपदा है, जो बड़ी मेहनत से संजोकर रखी गई है। हिमालय के क्षेत्र में पाई जाने वाली वनस्पतियों की कुछ प्रजातियाँ और दक्षिण के वनों में पाई जाने वाली कुछ प्रजातियाँ, सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व के वन क्षेत्र में भी भरपूर पाई जाती है। कुछ प्रजातियाँ जैसे कीटभक्षी घटपर्णी, बाँस, हिसालू, दारूहल्दी सतपुड़ा और हिमालय दोनों जगह मिलती हैं। सतपुड़ा की पहाड़ी श्रंखला में 1500 से 10 हजार वर्ष पुराने 50 शैलाश्रय हैं। प्राकृतिक महत्व के साथ इनका पुरातात्विक महत्व भी है। इस प्रकार सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को देश के मध्य क्षेत्र के इकोसिस्टम की आत्मा कहा जाना उचित होगा। यहाँ अकाई वट, जंगली चमेली जैसी वनस्पतियाँ भी हैं, जो अन्यत्र नहीं या बहुत कम पाई जाती हैं। वनस्पतियों के अतिरिक्त 14 ऐसे वन्य-जीव हैं जिनका जीवन आज खतरे में हैं, फिर भी यहाँ उनका रहवास बना हुआ है जैसे उड़न गिलहरी। बाघों की उपस्थिति और उनके प्रजनन क्षेत्र के रूप में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रसिद्ध है। यह रिजर्व बाघों की अच्छी उपस्थिति वाले मध्यभारत के क्षेत्रों में से एक है। संरक्षित क्षेत्रों के आंतरिक प्रबंधन में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अपने आप में देश का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। देश के बाघों की संख्या का 17 प्रतिशत और बाघ रहवास का 12 प्रतिशत क्षेत्र सतपुड़ा में आता है।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एक प्रकार से हिमालय और पश्चिमी घाट के बीच वन्य-जीव की उपस्थिति का सेतु बनाता है। यह मालाबार व्हिसलिंग थ्रश अर्थात कस्तूरा पक्षी, दूधराज, मालाबार पाइड हार्नबिल अर्थात धनेश पक्षी के लिये भी आदर्श रहवास है।

## बहनों को भा रहा है मुख्यमंत्री का जुदा अंदाज

**भोपाल ( काप्र )।** इन दिनों पूरे मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की जानकारी देने और बहनों के फार्म भरवाये जाने के लिये विभिन्न गतिविधियाँ जारी हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं जिला स्तरीय महासम्मेलनों में बहनों को योजना के प्रावधानों से अवगत करा रहे हैं। मुख्यमंत्री पहले सम्मेलन में आई बहनों का फूलों की वर्षा कर स्वागत-अभिनंदन करते है और संवाद की शुरूआत फिल्मी तराने फूलों का तारों का सबका कहना है-एक हजारों में मेरी बहना है के साथ करते है। मुख्यमंत्री का यह जुदा अंदाज प्रदेश की बहनों को खूब भा रहा है। सम्मेलन में आई बहनें भी अपने शिवराज भईया के स्वागत में तख्तियों पर आत्मीय बेनर लगा कर अभिवादन कर रही हैं। तख्तियों पर लिखी भावनाएँ कुछ इस प्रकार की हैं - शिवराज भईया की नई सौगात-आधी आबादी रहे खुशहाल, हम बहनों को मिला सम्मान-शिवराज भईया बड़े महान, लाड़ली बहना योजना के लिये शिवराज भईया को धन्यवाद। प्रदेश की बहनों द्वारा अपने मुख्यमंत्री भईया को योजना शुरू करने के लिये लाखों की संख्या में खत लिखे जा रहे हैं। सम्मेलन में बहनें शिवराज भईया को रक्षासूत्र और राखी भी बांध रही हैं। मुख्यमंत्री के दिल से निकली लाड़ली बहना योजना प्रदेश में 5 मार्च को लांच की गई है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार की बहनों को सामाजिक-आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये गहन चिंतन के बाद मुख्यमंत्री ने योजना को अमलीजामा पहनाया। एक अप्रैल से योजना में आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदेश में योजना का प्रचार-प्रसार करने अनेक माध्यमों को अपनाया जा रहा है। इसी बीच मुख्यमंत्री स्वयं संभागीय और जिला मुख्यालयों में लाड़ली बहना योजना को समझाने बहनों का महा सम्मेलन भी कर रहे हैं। सम्मेलनों में बड़ी संख्या में बहनें शामिल हो रही है। विगत 5 मार्च को भोपाल के जंबूरी मैदान में हुए बहनों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने स्टेप बाय स्टेप योजना की प्रक्रिया बहनों के साथ साझा की और एक बहन का आवेदन भी भरवाया।

# कांग्रेस विधायक के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

आलोक चतुर्वेदी के खिलाफ नोएडा में एफआईआर

भोपाल (काप्र)।

**मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके खिलाफ नोएडा के एक थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।**

उन पर एक व्यक्ति के साथ 50 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। अब पुलिस मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक को ढूंढ रही है। छतरपुर जिले के कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी (पज्जन भाई) के खिलाफ नोएडा के आकाश इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी के आकाश शर्मा ने एफआईआर दर्ज कराई है। रिपोर्ट में आकाश शर्मा ने कहा है कि आलोक चतुर्वेदी ने कम दाम में बिल्डिंग मटेरियल देने का वादा किया था। इसके एवज में आकाश शर्मा ने 50 लाख रुपए भी ले लिए थे। आलोक चतुर्वेदी खजुराहो मिनरल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। आकाश शर्मा ने खजुराहो मिनरल के खाते में 50 लाख रुपए की रकम 2019 में डाली थी।

शर्मा का कहना है कि विधायक ने मुझसे कहा था कि मार्केट से सस्ती दर पर मटीरियल उपलब्ध करा दूंगा। लेकिन आज तक मुझे मटीरियल नहीं मिला। जब मैंने पैसे मांगे, तो जान से मारने की धमकी दी गई। थाना जेवर में यह प्रकरण दर्ज कराया गया है। 2018 में चुनाव से पहले दिए शपथ के मुताबिक आलोक चतुर्वेदी पार्टनरशिप फर्म खजुराहो मिनिरल्स में 25 फीसदी हिस्से के मालिक हैं, जबकि लिमिटेड लाइबिलिटी फर्म खजुराहो मिनिरल्स में 15 फीसदी हिस्सा है। इसके साथ ही पार्टनरशिप फर्म बुंदेलखंड ग्रेनाइट में अविभाजित हिन्दू परिवार के मुखिया के बतौर 10 फीसदी हिस्सेदारी भी है।

## आयुक्त नगरीय प्रशासन से विश्व बैंक के प्रतिनिधियों की भेंट

**भोपाल ( काप्र )।** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रबंध संचालक भरत यादव से आज विश्व बैंक के प्रतिनिधियों ने सौजन्य भेंट की। विश्व बैंक मिशन में टास्क टीम लीडर रघु केशवन, डीएम मोहन, अमित आनंद और रिधीमन साह शामिल हैं। गौरतलब है कि विश्व बैंक के सहयोग से प्रदेश के छिंदवाडा, महेश्वर, भैरूंदा, शाजापुर, शहडोल, धरमपुरी एवं भेड़ाघाट में सीवरेज परियोजना और खरगौन, बुरहानपुर और सेवढ़ा में जल प्रदाय परियोजना पर कार्य किया जा रहा है।

श्री यादव ने विश्व बैंक मिशन को आश्वस्त किया कि परियोजना के लक्ष्यों को तय समय-सीमा में पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने प्रतिनिधि-मंडल से विश्व बैंक के साथ एमपीयूडीसी में नवाचारों पर कार्य करने की इच्छा जताई, जिस पर विश्व बैंक प्रतिनिधि-मंडल द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया दी गई। इस मौके पर अतिरिक्त प्रबंध संचालक श्रीमती रूचिका चौहान और प्रमुख अभियंता दीपक रत्नावत भी मौजूद थे।विश्व बैंक दल ने मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के मुख्यालय में परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय स्थिति की अद्यतन जानकारी ली।

# ऋण माफी योजना का जवाब ब्याज माफी योजना

दो लाख रुपए तक के कर्जदारों का ब्याज माफ

**भोपाल ( काप्र )।** मध्य प्रदेश सरकार विधानसभा चुनाव के पहले किसानों को आकर्षित करने के लिए ब्याज माफी योजना लेकर आ रही है। इसके लिए सचिवालय में बैठे अधिकारियों ने जानकारी जुटाना शुरू कर दी है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के 11 लाख किसानों को 2415 करोड़ रुपए का ब्याज सरकार माफ करेगी। इसमें दिसंबर 2023 तक के ब्याज के आंकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं।

मध्य प्रदेश सरकार का सहकारिता विभाग सभी सहकारी बैंकों से जानकारी एकत्रित कर रहा है। दिसंबर 2023 तक की ब्याज को माफ किया जाएगा। ब्याज माफी के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर समिति किसानों के कर्ज और ब्याज का आकलन कर उसकी मंजूरी देगी। कमलनाथ सरकार ने किसानों का 200000 तक का कर्ज माफ करने की घोषणा की थी। कमलनाथ सरकार ने 50000 से लेकर 100000 तक के ऋण किसानों के माफ कर दिए थे। जिन किसानों के ऊपर इससे ज्यादा कर्ज बकाया था। उसके बारे में प्रक्रिया चल रही थी। उसी बीच कमलनाथ की सरकार गिर गई। शिवराज सरकार ने कर्ज माफी से इनकार कर दिया। जिसके कारण लाखों किसान डिफाल्टर हो गए थे। 2023 के विधानसभा चुनाव में यह मुद्दा सबसे जीवंत मुद्दा होगा। मध्य प्रदेश सरकार की आर्थिक हालत बहुत अच्छी नहीं है। ऐसी स्थिति में ब्याज माफी का नया फंडा लेकर शिवराज सरकार चुनाव में उतरेगी। इसको लेकर बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं। पिछले 3 वर्षों से अपात्र किसान बहुत ज्यादा परेशान है। यह ब्याज माफी और डिफाल्टर किसान कैसे बाहर निकलेंगे। इसको लेकर अभी कोई खुलासा नहीं हुआ है। यह सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा किसानों के बीच होगा।

## 374 नगरीय निकायों में गौरव दिवस संपन्न

भोपाल (काप्र)।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुसार प्रदेश के 374 नगरीय निकायों में गौरव दिवस मनाया जा चुका है। नगरीय विकास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने शेष 39 नगरीय निकायों में आगामी 2 माह में गौरव दिवस का आयोजन करने के निर्देश दिये हैं।

नगरीय निकाय जैतहरी, शाढ़ौरा, बैतूल बाजार, धार, डबरा (पिछोर), सांवेर, थांदला, कैलारस, पोरसा, सबलगढ़, जेरोन खालसा, निवाड़ी, पृथ्वीपुर, पन्ना, देवरी, गैरतगंज, धामनोद, त्यौंथर, मकरोनिया बुजुर्ग, राहतगढ़, लखनादोन, सिवनी, ब्यौहारी, बड़ोदा, विजयपुर, नरवर, बरगवां, सरई, बडागांव, बल्देवगढ़, जतारा, खरगापुर, लिधोराखास, टीकमगढ़, नौरोजाबाद, पाली, कुरवाई, लटेरी और विदिशा में गौरव दिवस का आयोजन आगामी 2 माह में किया जाना है।

# अम्बेडकर जयंती पर महू में राजनीतिक दलों का महाकुंभ

भोपाल (काप्र)।

**विधानसभा चुनाव के पहले दलित वोट बैंक को साधने और उनमें अपनी पैठ बनाने के लिए 14 अप्रैल को महू में राजनीतिक पार्टियां बड़े आयोजन करने जा रही है। इनमें भाजपा और कांग्रेस के साथ-साथ सपा और बसपा भी शामिल हैं।**

हालांकि हर साल यहां बाबा साहेब की जयंती पर आयोजन किया जाता है, लेकिन इस बार भाजपा महाकुंभ की तैयारी कर रही है। दूसरा बड़ा महाकुंभ दो दिन बाद ग्वालियर में भी रखा गया है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने महू में आम्बेडकर जयंती पर महाकुंभ आयोजित करने की घोषणा की थी। तब से कोरोनाकाल को छोड़कर सरकारी इंतजाम के साथ-साथ बाबा साहेब के अनुयायियों की आवभगत की जाती है। दो दिन पहले से ही महाराष्ट्र और प्रदेश के कई जिलों से अनुयायियों का आना शुरू हो जाता है। इस बार भी बड़ी संख्या में अनुयायियों के आने की संभावना है। महाकुंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में आयोजित होगा। इस दौरान मंत्रिमंडल के वे मंत्री भी मौजूद रहेंगे, जो दलितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। हालांकि अभी मुख्यमंत्री का फाइनल कार्यक्रम आना बाकी है, वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ भी इस दिन इंदौर आ रहे हैं। वे सीधे बाबा साहेब के स्मारक स्थल पर पहुंचेंगे और माल्यार्पण करेंगे। फिलहाल अभी सभा का तय नहीं किया गया है। वे यहां से आष्टा पहुंचेंगे, जहां बड़ी सभा रखी गई है। समाजवादी पाटी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी महू पहुंचने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार अखिलेश एक बड़ा सम्मेलन यहां कर सकते हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती का कोई प्रोग्राम अभी तय नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि हर साल की तरह ही पार्टी जिस तरह से आयोजन करती है, वैसा ही आयोजन इस बार होगा। इसके अलावा कई क्षेत्रीय पार्टियां भी यहां आयोजन करती रही हैं।

आवास बनाते समय तकनीक के साथ...

# व्यावहारिक दृष्टिकोण भी अपनाएँ : मुखर्जी





भोपाल(काप्र)।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण मंडल श्रीमती विदिशा मुखर्जी ने कहा है कि इंजीनियर्स मकान बनाते समय व्यावहारिक दृष्टिकोण भी अपनाएँ।**

श्रीमती मुखर्जी सोमवार को प्रशासन अकादमी में म.प्र. गृह निर्माण मंडल के नवनियुक्त इंजीनियर्स की 3 दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रही थी। कार्यशाला 12 अप्रैल तक चलेगी। इसमें लगभग 100 इंजीनियर्स शामिल हुए है। कार्यशाला का प्रारंभ दीप जला कर किया गया। श्रीमती मुखर्जी ने कहा कि मकान तो मिस्त्री भी बनाते हैं। आप इंजीनियर हैं तकनीकी रूप से सोचते हैं, जो सोचते हैं वह डिजाइन करते हैं और उसे मूर्तरूप देते हैं। व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के इस युग में आपकों यह भी सोचना होगा कि हम ऐसा क्या करें जो दूसरों की सोच से आगे हो। इंजीनियर्स को तकनीकी के साथ व्यावहारिक रूप से भी सोचना होगा। उन्होंने कहा कि आवास की डिजायन यह ध्यान में रख कर तैयार करें, जैसे उस आवास में आपकों रहना है और आपकी आवश्यकताओं के अनुसार उसमें क्या-क्या होना चाहिए। प्रथम-सत्र में उपायुक्त एम.के. साहू ने प्रशिक्षणार्थियों को विभागीय सेटअप से परिचय कराया। उन्होंने मेजरमेंट बुक का मेटेंनेस, साईट ऑर्डर, साईट पर सामान की टेस्टिंग आदि की जानकारी दी। मण्डल के सेवानिवृत्त एवं वरिष्ठ एग्जिक्यूटिव इंजीनियर अजय तिवारी ने अपने अनुभव प्रशिक्षणार्थियों के साथ साझा किये। उन्होंने भूमि-अधिग्रहण, भूमि आवंटन, टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग से एप्रूवल और काम के लिये अनुमोदन संबंधी प्रक्रिया से अवगत कराया।

## खास-खबरें

### ट्विन क्लब द्वारा पौधरोपण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ ट्विन क्लब (जुड़वा बच्चों की संस्था) के सदस्यों ने आम, चंपा और मौलश्री के पौधे लगाए। ट्विन क्लब के संस्थापक अभिषेक खरे, डॉ. रेनू श्रीवास्तव और जुड़वा भाई-बहन आकाश और अविनाश, धर्य और ध्वनि, संकल्प और सिद्धांत ने भी पौधे लगाए। क्लब के भोपाल में 100 तथा मध्यप्रदेश में 225 सदस्य हैं। मुख्यमंत्री के साथ सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश यादव ने अपने जन्म-दिवस पर पौध-रोपण किया। टीवी चैनल हिंदी खबर के केमरामेन गजराज सिंह कुशवाह ने अपने पुत्र आर्यन और देवेंद्र पटेल ने अपने पुत्र हेतान्श के जन्म-दिवस पर पौधा लगाया। दूरदर्शन भोपाल के आलेख संपादक श्री अंकुर जैन ने यूनिवर्सिटी ऑफ लन्दन में अपना शोध-पत्र प्रस्तुतिकरण के लिए चयनित होने पर पौध-रोपण किया। इस दौरान संबंधितों के परिजन और परिचित भी शामिल हुए।

### जल संसाधन दिवस पर दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जल संसाधन दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा है कि मध्यप्रदेश जल संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर योजनाबद्ध रूप से कार्य कर रहा है। जल जीवन मिशन में नल से हर घर जल पहुँचाने में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। जल के सभी स्रोत स्वच्छ हों और हमारी नदियाँ सदानीरा रहें, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### माही को दी शुभकामनाएँ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दमोह जिले की बालिका माही रैकवार को आशीर्वाद देते हुए स्वस्थ रहने की शुभकामनाएँ दी हैं। उल्लेखनीय है कि दमोह के श्री सुखदेव रैकवार की बेटी माही, जो बचपन से ही सुनने में असमर्थ थी, उसकी मुख्यमंत्री बाल श्रवण उपचार योजना में सफल कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी हुई है। अब माही सामान्य व्यक्तियों की तरह सुन और बोल भी सकती है। परिवार के लोग बिटिया के मुँह से मम्मी और पापा के संबोधन सुन कर प्रसन्नता अनुभव कर रहे हैं।

### होनहार घुड़सवार को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भिंड जिले के किसान पुत्र राजू सिंह भदौरिया को पेरिस में घुड़सवारी में गोल्ड मैडल जीतने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। श्री चौहान ने कहा कि राजू सिंह ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रदेश के इस होनहार घुड़सवार की यह सफलता युवाओं में ऊर्जा का संचार कर, उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी। श्री चौहान ने उम्मीद व्यक्त की कि राजू सिंह भविष्य में भी नए-नए कीर्तिमान गढ़ेंगे।

### मुख्यमंत्री से मिले सेन समाज के प्रतिनिधि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में विधायक प्रदीप लारिया के नेतृत्व में सेन समाज के प्रतिनिधियों ने भेंट की। इनमें श्री राजेश्वर सेन, राजकुमार सेन, श्रीकांत सेन आदि शामिल थे। विधायक श्री लारिया ने मुख्यमंत्री चौहान द्वारा प्रदेश के विकास के लिए किए जा रहे विशेष प्रयासों का उल्लेख किया और विभिन्न समाज द्वारा जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया।

### स्व. देसाई की पुण्यतिथि पर नमन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. मोरारजी देसाई की पुण्य-तिथि पर नमन कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने निवास कार्यालय स्थित सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राष्ट्र के नव-निर्माण में उनके संघर्ष और योगदान का स्मरण भी किया।

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया रायसेन अस्पताल का निरीक्षण



**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने रायसेन जिला चिकित्सालय में कोविड-19 उपचार व्यवस्थाओं पर केन्द्रित मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया। डॉ. चौधरी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने कोविड-19 के बढ़ते प्रकरण के दृष्टिगत उपचार व्यवस्थाओं को सुनिश्चित रखने के लिये 10 और 11 अप्रैल को मॉक ड्रिल संचालित करने के निर्देश दिये हैं। प्रदेश के सभी अस्पताल में मॉक ड्रिल में कोविड-19 उपचार की व्यवस्थाओं को जाँचा गया।